आज

प्रयागराज, सोमवार २ नवम्बर, २०२६



# कमरे में अधेड़ ने किया आत्मदाह

चित्रकूट। अधेड़ ने घर के कमरे में खुद के ऊपर आग लगा ली। कुछ ही देर में आग की लपटों ने घर को चपेट में ले लिया। धुआं उठता देख ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। तब तक अधेड़ की आग से जलकर मौत हो चुकी थी। आग से घर व गृहस्थी का सामान जल गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

पहाड़ी थाना क्षेत्र के ओरा गांव में रविवार की दोपहर घटना हुई। ओरा निवासी सुरिजभान मिश्रा की पत्नी की करीब पांच साल पहले मौत हो चुकी है। वह अपने दो नाबालिग बेटे शिवम व सत्यम की परवरिश कर रहा था। बताते हैं कि

**घर गृहस्थी भी जली, मानसिक रूप से परेशान रहता था मृतक**

रविवार की दोपहर सुरिजभान ने घर के कमरे में खुद के ऊपर आग लगा ली। उस समय उसके दोनो बच्चे घर में नहीं थे।

कुछ ही देर में आग ने तेजी पकड़ी और घर को भी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने घर से उठ रहा धुआं देखा तो दौड़कर पहुंचे। किसी तरह ग्रामीणों ने आनन-फानन आग पर काबू पाया। अंदर कमरे में पहुंचकर देखा तो सुरिजभान की आग से जलकर मौत हो चुकी थी। आग लगने से घर-गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। परिजनों के मुताबिक पत्नी की मौत के बाद से ही सुरिजभान मानसिक रूप से परेशान रहता था। मृतक चार भाई थे। जिनमें दो भाइयों की मौत पहले ही हो चुकी है। भाई छ्रिरका प्रसाद ने थाना पुलिस को घटना की सूचना दी। जानकारी पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक निशीकांत राय ने घटना स्थल का जायजा लिया। बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रथम .ष्टया आग लगाकर खुदकुशी किए जाने की बात सामने आई है। घटना की जांच की जा रही है।

## बिना लाइसेंस आढ़त चलाने वालों पर हो कारवाई

चित्रकूट। युवा गल्ला आढ़ती समिति की गल्ला मंडी परिसर में हुई बैठक में समिति का पुनर्गठन किया गया। ज्ञानेंद्र सिंह को अध्यक्ष, ब्रजकिशोर शिवहरे को महामंत्री और कुलदीप सिंह को कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में आरोप लगाया गया कि गढ़ीवा और शिवरामपुर क्षेत्र के मंडी परिधि वाले प्रमुख स्थानों पर सैकड़ों लोग बिना लाइसेंस आढ़त चला रहे हैं। अधिकारियों को कई बार सूचना देने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। इससे राजस्व और लाइसेंसी व्यापारियों को नुकसान हो रहा है। मंडी परिसर में भी बिना लाइसेंस दुकानें चलने और विशिष्ट भट्ठी की कई दुकानों पर अवैध कब्जे का मुद्दा उठाया गया। व्यापारियों ने मांग की कि अवैध दुकानों का आवंटन लाइसेंसी व्यापारियों को किया जाए या लाइसेंस निरस्त कर कब्जाधारियों को बाहर किया जाए। इस संबंध में सचिव को ज्ञापन सौंपा गया। बैठक में राकेश, रज्जन, लक्ष्मी, मंधीर, मनोज, सुरेंद्र मोहन, रामकिशोर, उमेश, असफाक अहमद और जानकी शरण भी मौजूद रहे।

# सख्ती से हुई पीईटी में दो पालियों में परीक्षा

जौनपुर । जिलें में पेट की परीक्षा रविवार सुबह १० बजे शुरू हुई। परीक्षा दो पालियों में हो रही है। पहली पाली दोपहर १२ बजे तक और दूसरी पाली शाम ३ से ५ बजे तक चली। जिले के ३२ केंद्रों पर पहली पाली में १६,६९६ अभ्यर्थी शामिल होने थे लेकिन सैकडो ने परीक्षा छोड दिया केंद्रों पर सुबह ८:३० बजे से प्रवेश शुरू हुआ। अभ्यर्थियों को ९:३० बजे तक ही प्रवेश दिया गया।

परीक्षा के लिए ३२ केंद्र व्यवस्थापक और ३२ सेक्टर मा-जिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं।जांच के दौरान महिला अभ्यर्थियों से बालों के क्लेचर और पिन, हाथ का कलावा, कंगन और चूड़ियां उतरवाई जा रही हैं। पुरूष अभ्यर्थियों की शर्ट की बाह और कॉलर की जांच की जा रही है। उनसे जूते-मोजे भी उतरवाए जा रहे हैं। जांच के बाद ही केंद्र में प्रवेश दिया जा रहा है। एडीएम परमानंद झा ने बताया कि पेट की लिखित परीक्षा का रविवार को आखिरी दिन है।

परीक्षा केंद्रों पर तीन स्तर की सुरक्षा व्यवस्था की गई है। केंद्रों में हाथ में कलावा बांधकर आने, बालों में जुड़ा बांधने, हेयर पिन लगाने और कंगन-चूड़ियां पहनने की अनुमति नहीं है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर भी रोक है।डीएम ने अधिकारियों को परीक्षा निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए जरूरी इंतजाम समय पर करने के निर्देश दिए। केंद्रों पर पीने का पानी, शौचालय, रोशनी और सुरक्षा की व्यवस्था रखने को कहा गया है। परीक्षा के नियमों का पालन कराने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## पारिवारिक कलह से वृद्धा ने किया आत्महत्या

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद गांव निवासी एक ६५ वर्षीय वृद्धा ने आत्महत्या कर लिया।घटना की जानकारी परिजनों को सुबह हुई।तब परिवार में कोहराम मच गया। उक्त गांव निवासी उर्मिला देवी पत्नी स्वर्गीय छोटेलाल यादव कुछ दिन से बीमार थी।उनकी माना-सिक स्थिति ठीक नही थी।भोर में वह छत पर लगे बांस के सहारे साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया।घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष कमलनयन दूबे ने बताया कि मृतका के पुत्र रूपेश यादव ने घटना की जानकारी दिया।पुलिस ने मौके पर जाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।महिला द्वारा पारिवारिक कलह के चलते आत्महत्या करने की बात लग रही है।

## अन्तरराष्ट्रीय मंच पर चमके विश्वविद्यालय के शोधार्थी

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के एमएससी विद्यार्थियों मनीष कुमार एवं वैष्णवी आर्या ने इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी, बरेली में १३वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अपने शोध पत्र प्रस्तुत कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया। एआई-इनेबल्ड बायोटेक्नोलॉजी' विषय पर आयोजित सम्मेलन में मनीष कुमार ने भारत में नॉन-अल्कोहॉलिक फैटी लिवर डिजीज के प्रति जन-जागरूकता के आकलन तथा वैष्णवी आर्या ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में अल्जाइमर रोग के प्रति जागरूकता एवं ज्ञान के स्तर पर अपना शोध प्रस्तुत किया। दोनों विद्यार्थी प्रो. प्रदीप कुमार एवं प्रो. वंदना राय के निर्देशन में शोध कार्य कर रहे हैं। प्रो. प्रदीप कुमार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर शोध पत्र प्रस्तुत करना विद्यार्थियों की वैज्ञानिक प्रतिभा और विभाग की सक्रिय शोध संस्.ति का परिचायक है। विश्वविद्यालय परिवार ने दोनों विद्यार्थियों एवं उनके शोध मार्गदर्शकों को बधाई दी।




क्षत्रिया समाज के कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते पदाधिकारी।

# क्षत्रिय समाज पर कुठाराघात है यूजीसी - हरिवंश सिंह

चित्रकूट। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के १३०वें स्थापना दिवस समारोह में क्षत्रिय अस्मिता और विरासत को लेकर सियासत पर तीखे तेवर दिखे। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सांसद हरिवंश सिंह ने कहा कि क्षत्रिय समाज की विरासत को लेकर हो रही सियासत किसी कीमत पर मंजूर नहीं है। समाज का इतिहास त्याग, बलिदान और विकास का रहा है, उसे उपेक्षित करने की साजिश रची जा रही है।

शनिवार को श्रीराम वाटिका में आयोजित सम्मान समा-रोह में उन्होंने चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार यूजीसी के नए प्रावधानों को लागू करती है तो क्षत्रिय समाज सड़क से संसद तक विरोध करेगा। दो माह बाद केंद्र के खिलाफ बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा। कहा कि यू-जीसी क्षत्रिय हितों पर कुठाराघात है।

**अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सड़क से लेकर संसद तक लड़ाई लड़ने की दी चेतावनी**

एससी एसटी एक्ट और आरक्षण व्यवस्था पर बोलते हुए कहा कि पहले ऐसी व्यवस्था नहीं थी अब समाज को कमजोर करने के लिए थोपा जा रहा है।

वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री राघवेंद्र सिंह राजू ने कहा कि क्षत्रिय समाज झुकेगा नहीं, समान अधिकार की लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने समाज से शिक्षा को बढ़ावा देने और दहेज जैसी कुप्रथा से दूर रहने का आह्वान किया। साथ ही चित्रकूट में जल्द क्षत्रिय धर्मशाला बनवाने की घोषणा की।

समारोह में राष्ट्रपति पदक प्राप्त एसपी अरूण कुमार सिंह को समाज की ओर से सम्मानित किया गया। समाज हित में उत्.ष्ट कार्य करने वालों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर भुवनेश्वर सिंह, सुखवीर भदौरिया, जय गोविंद सिंह, प्रदेश अध्यक्ष श्री.ष्णन सिंह, मनोज भदौरिया, जिलाध्यक्ष कुंवर प्रताप सिंह, अरविंद रघुवंशी, हर्षित चौह-ान, संजय सिंह, मनेंद्र सिंह, .ष्ण शंकर, सुरेश सिंह, अरूण सिंह आदि मौजूद रहे।

## ७५० शिक्षक, शिक्षामित्र अनुदेशकों को सम्मानित कर योगदान को सराहा

चित्रकूट। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती कार्यक्रम में सपाइयों ने जिले के ७५० शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशकों को सम्-मानित कर समाज में उनके योगदान को सराहा। शिक्षक विधायक एसपी सिंह पटेल ने कहा कि पढ़ी लिखी जनता को ज्यादा दिन तक भाजपा बेवकूफ नहीं बना सकती। हाल ही में हुए स्नातक और शिक्षक विधायक के चुनाव परिणाम इसका सबूत हैं। सपा इसीलिए शिक्षकों को समाज की धुरी मानकर शिक्षा का सम्मान करती है। शिवरामपुर में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक विधायक ने कहा कि प्रदेश की राजनीति में भाजपा के झूठा और स्वार्थी रंग बेनकाब हो गया है।

# वृहदमेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर न्याय समागम २.० का भव्य आयोजन

जौनपुर। जनपद न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश तथा जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुशील कुमार शशि के निर्देशन में व सिविल जज सी०डि० ध सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर सुशील कुमार सिंह की देख रेख में मेगाध्वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर श्न्याय समागम २.०श का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश द्वारा क्रमवार उद्यान विभाग, स्वास्थ्य विभाग, .षि विभाग, महिला कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया गया तथा विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं पात्र लाभार्थियों को दिए जा रहे लाभों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई।

आईसीडीएस विभाग के स्टाल पर पहुंचकर उन्होंने बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। दिव्यांग जन कल्याण विभाग के द्वारा दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल, श्रम विभाग द्वारा विभिन्न हितकारी योजनाओं के अंतर्गत श्रमिकों को चेक, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र द्वारा लाभार्थियों को चेक तथा प्रधानमंत्री किसान सम्-मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों को सम्मान निधि वितरित की गई। विद्युत एवं शिक्षा विभाग द्वारा भी लाभार्थियों को चेक प्रदान किए गए। उद्यान विभाग द्वारा लाभार्थियों को बीज एवं फलदार पौधों का वितरण किया गया।

इसके अतिरिक्त, .षि विभाग द्वारा संचालित सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजना के अंतर्गत लाभार्थी अजय कुमार को माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा ट्रैक्टर की चाबी प्रदान की गई।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार यादव, सीजेएम अजय अम्बष्ट, अध्यक्ष दीवानी बार एसोसिएशन अवधेश सिंह सहित अन्य न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में टीडीबीएस इंटर कॉलेज कादीपुर, जौनपुर की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# बाइक की टक्कर से ग्रामीणकी मौत

चित्रकूट। भरतकूप थाना क्षेत्र के घुरेटनपुर गांव में घर के बाहर खड़े ग्रामीण को शनिवार की शाम तेज रफ्तार से आई बाइक ने टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार युवक समेत दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। ग्रामीण की मौत हो गई और युवक को प्रयागराज रेफर किया गया है।

घुरेटनपुर निवासी मोनू पटेल ने बताया कि शनिवार की शाम को कमलेश कुमार उर्फ पथरावा (५५) अपने घर के बाहर खड़े थे। इसी बीच मानपुर की ओर से तेज गति से आई बाइक ने उसे टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार भी गिरा और गंभीर से घायल हो गया। दोनों को लहूलुहान अवस्था में स्वजन और ग्रामीणों ने मिलकर शाम छह बजे जिला अस्पताल लाए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहु-ंची। इलाज के दौरान कमलेश की मौत हो गई। घायल युवक को प्रयागराज रेफर किया गया। मृतक के एक पुत्र चार पुत्री हैं। घटना के बाद गांव में शोक व्याप्त है।

## पुलिस ने दस वारण्टियों को पकड़ा

चित्रकूट। एसपी के निर्देश पर वांछित-वारंटी की गिरफ्तारी को चलाए जा रहे अभियान के क्रम में मऊ थाना पुलिस ने मवई कला के वारंटी भोला पुत्र रामदीन, दादू उर्फ पप्पूलाल, बच्चा पुत्रगण बुधई, पोतनिहा का पुरवा चकौर के वारंटी गोडान पुत्र मुन्नू, राजापुर थाना पुलिस ने कनकोटा के वारंटी सीताराम पुत्र कैलाश, माताबदल पुत्र नथुवा, नथन पुत्र लुस्सी, बबली पुत्र शिवलोचन, बरगढ़ थाना पुलिस ने वारंटी अरवारी बोझ के रामानुज यादव पुत्र ननकू यादव, पहाड़ी थाना पुलिस ने सिकरिया निवासी वारंटी अजीत पुत्र शिव प्रकाश को गिरफ्तार किया है।

# फेसबुक मैसेंजर पर बाल यौन शोषण सामग्री बेचने का आरोप

चित्रकूट। इंटरनेट मीडिया के माध्यम से बाल यौन शोषण सामग्री की कथित खरीद बिक्री का मामला सामने आया है।

एनसीआरपी पोर्टल पर मिली शिकायत की जांच के बाद साइबर क्राइम पुलिस थाना में कर्वी कोतवाली के सिद्धपुर गढ़ीवा निवासी शुभम पुत्र कैलाश के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए तहरीर दी गई है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में युवक की कथित संलिप्तता सामने आने की बात कही गई है। साइबर क्राइम थाने के निरीक्षक योगेश कुमार चतुर्वेदी ने ३० अक्टूबर को दी गई तहरीर में बताया कि एनसीएमईसी टैब के तहत टिपलाइन शिकायत प्राप्त हुई थी।

शिकायत के साथ दो वीडियो भी मिले। जिन्हें बाल यौन शोषण सामग्री बताया गया है। शिकायत में फेसबुक मैसेंजर के माध्यम से ऐसी सामग्री बेचने का आरोप लगाया गया था। जांच के दौरान संदिग्ध फेसबुक अकाउंट, पंजी.त ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर से संबंधित डिजिटल जानकारियों का विश्लेषण किया गया। मोबाइल नंबरों और ईमेल आईडी के उपयोग में एक ही मोबाइल आईएमईआई नंबर सामने आया। आईपीडीआर और सीडीआर के विश्लेषण में भी संबंधित फेसबुक अकाउंट और ईमेल आईडी का उसी डिवाइस से संचालित होना पाया गया। दो माह के अंदर यह तीसरा मामला है।

# मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का हुआ आयोजन

चित्रकूट। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश सुनील कुमार पंचम की अध्यक्षता में रविवार को राष्ट्रीय रामायण मेला सीतापुर में मेगा वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया। मेगा कैम्प में एकत्र जन-सामान्य को विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ, प्रमाण पत्र, उपकरण वितरित करते हुये लाभान्वित किया गया। शिविर से पहले सभी विभागों द्वारा कुल ५०३ प्री कैम्प आयोजित किये गये। मेगा कैम्प के दौरान बेसिक शिक्षा विभाग की ओर दिव्यांग बच्चों को उपकरण, आरटीई रजिस्ट्रेशन, कैशलेश चिकित्सा आदि ५४ लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। शहरी एवं ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत ३४ लाभार्थियों को स्वी.त पत्र वितरित किया गया।

नेडा विभाग द्वारा सात लाभार्थियों को सोलर पैनल स्वी.ति करते हुये लाभ प्रदान किया गया। पशुपालन विभाग द्वारा ११ लोगों को विभिन्न योजनाओं से सम्बन्धित प्रमाण पत्र, .षि विभाग द्वारा ११ लोगों को उपकरण व बीज वितरित किये गये। दिव्यांग कल्याण विभाग द्वारा २३ लोगों को ट्राईसाईकिल मय हेलमेट, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा सात लोगों को शादी अनुदान प्रमाण पत्र, छह लोगों सामूहित विवाह योजना के अन्तर्गत, सात लोगों वृद्धापेंशन योजना का लाभ प्रदान किया गया। उद्योग विभाग द्वारा छह लाभार्थियों को उद्यम रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र वितरित किये गये। महिला कल्याण विभाग द्वारा पांच लोगों को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत लाभान्वित किया गया।

राजकीय दुग्ध विभाग द्वारा मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना के अन्तर्गत नौ लोग लाभान्वित हुए। राजस्व विभाग द्वारा १२ लोगों को वरासत की खतौनी, पंचायतराज विभाग द्वारा १० लोगों को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत व्यक्तिगत शौचालय के लिए धनराशि प्रदान की गई। इसी प्रकार अन्य विभाग ने पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ प्रदान किया।

इस मौके पर राकेश कुमार यादव प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, राहुल मिश्रा प्रथम अपर जिला जज, अरूण कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक, अनुराग कुरील अपर जिला जज नोडल अधिकारी, गीता सिंह विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट, अरूण कुमार अपर जिलाधिकारी न्यायिक नोडल अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी नोडल अधिकारी, राममणि पाठक अपर जिला जज एफटीसी न्यू., रेनू मिश्रा विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट, राजेन्द्र प्रसाद भारती मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सचिन कुमार दीक्षित, सिविल जज, इला चौधरी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, वर्णिका शुक्ला अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अश्वनी कुमार उपाध्याय सिविल जज, अंशुमान यादव अपर सिविल जज, विदिशा भूषण सिविल जज जूडि, एस. आनन्द सिविल जज मऊ, विरेश कुमार सोनकर न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय मानिकपुर, सृष्टि शुक्ला सिविल जज मजिस्ट्रेट प्रथम, अभिनव कुमार दुबे न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय एवं अन्य शासकीय विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## हादसे में घायल बाइक चालक की भी गयी जान

चित्रकूट। भरतकूप थाना क्षेत्र के घुरेटनपुर गांव में शनिवार की देर शाम को अनियंत्रित बाइक की टक्कर से ग्रामीण की मौत के बाद बाइक चालक की रविवार की सुबह मौत हो गई। मानपुर घुरेटनपुर निवासी विष्णु वर्मा ने बताया कि उसका भतीजा मध्य प्रदेश के सतना जिला के बरौंधा गांव निवासी अखिलेश वर्मा (२५) बाइक से हमेशा की तरह पेंटिंग का काम करने के लिए चित्रकूट आया था। शनिवार की देर शाम को वह गांव में उनसे मिलने आ रहा था। रास्ते में अनियंत्रित बाइक घुरेटनपुर के कमलेश पटेल उर्फ पथरावा से टकराई थी। इसमें दोनों लहूलुहान हुए थे और कमलेश की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। अखिलेश को वहां से सतना रेफर किया गया। सतना से उसे रींवा रेफर किया गया। रींवा में रविवार की सुबह उसकी मौत हो गई। अखिलेश दो भाई में छोटा था और पेंटिंग का काम करता था।

# यूपीआई से निकाले १ लाख ४० हजार, रिपोर्ट दर्ज

चित्रकूट। यूपीआई के जरिए खाताधारक के बैंक खाते से एक लाख ४० हजार रूपये की साइबर ठगी का मामला आया है। पीड़ित ने इस मामले में कर्वी कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। खाते से लगातार दो दिन के भीतर चार बार में पैसा काटा गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़ित खाताधारक महेन्द्र साहू ने कर्वी कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसका बैंक ऑफ इंडिया में बचत खाता है। उसके खाते से अनुमति के बिना अनाधि.त रूप से यूपीआई के माध्यम से धनराशि डेबिट कर ली गई है।

यह लेनदेन उसने नहीं किया और न ही इसके लिए किसी व्यक्ति को अनुमति दी थी। उसके खाते से धनराशि डेबिट होने की जानकारी तीन अक्टूबर को हो पाई। बताया कि उसके खाते से २९ व ३० सितंबर को एक लाख ४० हजार रूपये का धनराशि यूपीआई के जरिए डेबिट की गई। पहली बार में ५० हजार रूपये खाते से निकले। इसके बाद तीन बार में ३०-३० हजार की धनराशि खाते से कटी। पीड़ित ने तहरीर के साथ पुलिस को यूटीआर नंबर, यूपीआई ट्रांजेक्शन आईडी नंबर भी उपलब्ध कराया है। बताया कि उसके साथ साइबर फ्राड किया गया है। प्रभारी निरीक्षक कर्वी अभयराज सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## सीएमओ ने पीएचसी में आरोग्य मेले का किया निरीक्षण

चित्रकूट। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का रविवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेंद्र कुमार त्रिपाठी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीएमओ डॉ महेंद्र कुमार त्रिपाठी ने पीएचसी खोह के मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि केंद्र पर उपलब्ध दवाओं को व्यवस्थित ढंग से रखा जाए। सीएमओ ने बताया कि निरीक्षण के दौरान तक १३ मरीज देखे जा चुके थे। चार मरीजों के जा-ंच हो चुकी थी। पीएचसी के डॉ विवेक और समस्त स्टाफ उपस्थित थे। सीएमओ ने ओपीडी और जांच संबंधी, व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। सभी चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को निर्धारित ड्रेस पह-नकर ही ड्यूटी करने की सख्त चेतावनी दी और निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने को कहा। अस्पताल परिसर की साफ सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया और इसे बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

## असलहे के बल पर रजिस्ट्री कराने का आरोप

जौनपुर। थाना लाइन बाजार क्षेत्र के वीरहदपुर गांव निवासिनी मेराज फातिमा ने थाना लाइन बाजार में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि मुस्ताक अहमद पुत्र मुजफ्फर हुसैन से जिला पंचायत सदस्य विकास यादव पुत्र कैलाश नाथ निवासी ग्राम सादात बिंदोली थाना लाइन बाजार ने जमीन असलहे के बल पर रजिस्ट्री करा लिया है। मुस्ताक अहमद मेराज फातिमा के ससुर हैं। मेराज फातिमा ने बताया कि जब मुस्ताक मुंबई से इलाज करा कर ट्रेन से लौट रहे थे तभी विकास यादव ने उसे अपने कर में जबरदस्-ती बैठा लिया और जमीन की रजिस्ट्री धोखाधड़ी करके अपने नाम करवा लिया। फिलहाल थाना लाइन बाजार पुलिस मामले की जा-ंच पड़ताल में जुटी हुई है। परिजन ने बताया कि मुस्ताक अहमद का दिमागी संतुलन ठीक नहीं है वह अपना इलाज कराने मुंबई गए हुए थे। परिजन ने बताया कि जमीन एक बीघा है।

# प्रयागराजके प्रितेश स्टेट पैनल स्कोरर एवं कुशाग्र-यशाग्र बने स्टेट पैनल अंपायर







संगमनगरी के युवाओं ने उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) की आधिकारिक परीक्षाओं में सफलता हासिल कर शहर का मान बढ़ाया है। दारागंज निवासी प्रितेश सोनकर जहां राज्य स्तरीय स्कोरर बन गए हैं, वहीं शहर के जुड़वां भाइयों कुशाग्र त्रिपाठी और यशाग्र त्रिपाठी ने राज्य स्तरीय अंपायरिंग परीक्षा उत्तीर्ण कर स्टेट पैनल अंपायर बनने का गौरव हासिल किया है।

इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) के संयुक्त संयोजक ( प्रबंधन) सोमेश्वर पांडेय ने बताया कि अगस्त माह में कान-पुर में आयोजित यूपीसीए की राज्य स्तरीय स्कोरिंग परीक्षा में प्रितेश सोनकर ने सफलता प्राप्त कर स्टेट पैनल स्कोरर का दर्जा प्राप्त किया है। दारागंज निवासी प्रदीप सोनकर एवं सीमा सोनकर के पुत्र प्रितेश इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के डिस्ट्रिक्ट पैनल स्कोरर भी हैं और एसीए ने ही उनका नाम इस परीक्षा के लिए भेजा था।

प्रितेश ने स्कोरिंग की बारीकियां बीसीसीआई स्कोरर अखिलेश त्रिपाठी से ही सीखी हैं। ?श्री पांडेय ने बताया कि पूर्व आईसी-सी अंपायर अनिल चौधरी के निर्देशन एवं देखरेख में संपन्न हुई यूपीसीए की अंपायरिंग परीक्षा में प्रदेश के विभिन्न जिलों के ९७ अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था, जिसमें से १४ ने सफलता प्राप्त की। वहीं, बीसीसीआई के एजुकेटर एवं बीसीसीआई अंपायर पी. जयपाल के निर्देशन एवं देखरेख में आयोजित स्को-रिंग परीक्षा में विभिन्न जनपदों के ३३ स्कोरर शामिल हुए, जिनमें से मात्र ५ प्रतिभागी ही परीक्षा उत्तीर्ण कर सके।

**जुड़वा भाइयोंने एकसाथ मारी बाजी**

उधर, प्रयागराज के ही जुड़वां भाइयों कुशाग्र त्रिपाठी और यशाग्र त्रिपाठी ने यूपीसीए की अंपायरिंग परीक्षा में एकसाथ बाजी मारी है। चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट एकेडमी के सचिव सत्यव्रत सहाय ने बताया कि दोनों भाइयों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर यूपीसीए के स्टेट पैनल अंपायर बनने की उपलब्धि हासिल की है। कुशाग्र और यशाग्र एकेडमी के कोच मोहम्मद आसिफ के क्रिकेट प्रशिक्षु हैं। दोनों दारागंज निवासी हाईकोर्ट में अधिवक्ता, बीसीसीआई स्कोरर एवं यूपीसीए के स्टेट पैनल अंपायर अखिलेश त्रिपाठी और रंजना त्रिपाठी के पुत्र हैं। दोनों भाइयों ने इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) पर गाजीपुर मंडल की ओर से इस परीक्षा में प्रतिभाग किया था। तीनों युवाओं की इस शानदार उपलब्धि पर इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन, खेल प्रेमियों और स्थानीय क्रिकेट एवं खेल जगत के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

# हिमांशु द्विवेदीका झारखंड अंडर-२३ टीममें चयन



शहर के प्रतिभाशाली बाएं हाथ के बल्लेबाज हिमांशु द्विवेदी का चयन झारखंड की अंडर-२३ क्रिकेट टीम में किया गया है। उनके इस चयन से प्रयागराज के क्रिकेट जगत में खुशी की लहर है। हिमांशु ने हाल ही में झारखंड टी-२० लीग के फाइनल मुकाबले में अपनी शानदार बल्लेबाजी से सभी का ध्यान आकर्षित किया था। उन्होंने छोटानागपुर रायल्स की ओर से खेलते हुए महज ३३ गेंदों पर शानदार अर्धशतक जड़कर अपनी टीम को चै-ंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। फाइनल में उनके इस प्रभावशाली प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी ओर खींचा, जिसका परिणाम उन्हें झारखंड की अंडर-२३ टीम में चयन के रूप में मिला। बेनीगंज निवासी विजय कुमार द्विवेदी के पुत्र हिमांशु पिछले आठ वर्षों से दौलत हुसैन इंटर कॉलेज के मैदान पर कोच मोहम्मद रिज-वान के मार्गदर्शन में क्रिकेट का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। लगातार मेहनत, अनुशासन और बेहतर प्रदर्शन के दम पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। हिमांशु के चयन पर दौलत हुसैन इंटर कॉलेज के प्रबंधक चौधरी नियाज अहमद खान, व प्रधानाचार्य जमीलुर रहमान, पूर्व दिलीप ट्रॉफी खिलाड़ी असलम अली, सैयद मोहम्मद साहब, देवेश मिश्रा, शमशेर अली चंदा, जावेद खान, परवेज आलम मनीष यादव, विवेक सिंह सोमेश्वर पाण्डेय, मो रासिद और राकेश मिश्र ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। सभी ने हिमांशु के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि वह अपनी प्रतिभा और शानदार प्रदर्शन के दम पर आगे भी नई उपलब्धियां हासिल करेंगे और राष्ट्रीय स्तर पर प्रयागराज का नाम रोशन करेंगे।

**प्रयागराज खेल**

# मुस्कान-कीर्ति, श्रद्धा एवं प्रियंकाका स्वर्णिम प्रदर्शन

मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में आयोजित ७०वीं प्रदेशीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में रवि-वार को बालक एवं बालिका वर्ग की विभिन्न स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, दमखम और शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। ट्रैक एंड फील्ड की प्रतिस्पर्धाओं में कहीं तेज रफ्तार का रोमांच देखने को मिला तो कहीं लंबी कूद, शाटपुट, जैवलिन और डिस्कस थ्रो में खिलाड़ियों ने अपनी ताकत का परिचय दिया। प्रतियोगिता के विभिन्न आयु वर्गों के परिणाम घोषित किए गए, जिसमें मेरठ, मुरादाबाद, गोरखपुर, आगरा और स्पोर्ट्स कालेज लखनऊ के खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीतकर विशेष छाप छोड़ी। बालिका अंडर-१९ वर्ग की १०० मीटर बाधा दौड़ में मेरठ की मुस्कान सोन ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वाराणसी की खुशी पटेल ने रजत और काजल कुमारी ने कांस्य पदक जीता। इसी आयु वर्ग की शॉटपुट स्पर्धा में मेरठ की कीर्ति चौधरी ने स्वर्ण पदक हासिल किया। मुरादाबाद की पलक दूसरे और गोरखपुर की पायल यादव तीसरे स्थान पर रहीं। अंडर-१७ बालिका वर्ग की १०० मीटर बाधा दौड़ में गोरखपुर की अंकिता प्रजापति ने स्वर्णिम सफलता हासिल की। लखनऊ की प्रतिष्ठा ने रजत तथा मेरठ की मोनिका ने कांस्य पदक जीता। इसी आयु वर्ग की १०० मीटर दौड़ में मुरादाबाद की श्रद्धा राघव ने पहला स्थान प्राप्त किया। बस्ती की ज्योति दूसरे और अयोध्या की रंजना देवी तीसरे स्थान पर रहीं। अंडर-१४ बालिका वर्ग की १०० मीटर दौड़ में मुरादाबाद की प्रियंका ने स्वर्ण पदक जी-ता। झांसी की करिश्मा ने रजत और अयोध्या की आराधना ने कांस्य पदक हासिल किया। ६०० मीटर दौड़ में गोरखपुर की रेजिना आइथ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अयोध्या की पलक दूसरे और आजमगढ़ की अनु ती-सरे स्थान पर रहीं। बालक अंडर-१९ वर्ग की शाटपुट स्पर्धा में आजमगढ़ के कैश यादव ने स्वर्ण पदक जीता। प्रयागराज के मो. अनस ने रजत और आगरा के मनवीर ने कांस्य पदक हासिल किया। लंबी कूद में आगरा के शिवम यादव ने पहला स्थान प्राप्त किया। सहारनपुर के सागर प्रजापति दूसरे तथा आगरा के सुखवीर तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-१७ बालक वर्ग की जैवलिन थ्रो स्पर्धा में स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ के प्रिंस यादव ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। मुरादाबाद के देव कुमार ने रजत और विंध्याचल के हर्ष मिश्रा ने कांस्य पदक जीता। लंबी कूद में स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ के अरमान खान ने बाजी मारी।



वाराणसी के विकास कुमार दूसरे और मेरठ के कृष्ण शर्मा तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-१४ बालक वर्ग की १०० मीटर दौड़ में विंध्याचल के अंश ने स्वर्ण पदक हासिल किया। मेरठ के सनी अनुरागी ने रजत और स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ के पृथ्वी बालियान ने कांस्य पदक जीता। ६०० मीटर दौड़ में स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ के साजिद खान ने पहला स्थान प्राप्त किया। इसी कालेज के आदर्श चौहान दूसरे तथा सहारनपुर के हिमांशु पाल तीसरे स्थान पर रहे। ८० मीटर बाधा दौड़ में गोरखपुर के अभिषेक यादव ने स्वर्ण पदक जीता। प्रयागराज के यश ने रजत और स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ के लक्ष्य बसल ने कांस्य पदक हासिल किया। डिस्कस थ्रो स्पर्धा में मुरादाबाद के पंकज ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ के अपार चौधरी दूसरे और मेरठ के लकी तीसरे स्थान पर रहे।